**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–15.02.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल नई दिल्ली में आदि महोत्सव का करेंगी उद्घाटन, 600 से अधिक जनजातीय उद्यमी सांस्कृतिक और व्यावसायिक विविधता का करेंगे प्रदर्शन।**

2. **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की नाराजगी के बाद गिरिडीह में जल जीवन मिशन में गड़बड़ी की हुई जांच, डैमेज पाइप से योजना पूर्ण दिखाने का हुआ खुलासा।**

3. **रांची में 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का समापन, वहीं, मोरहाबादी में तीन दिवसीय पीएम विश्वकर्मा योजना व्यापार मेला शुरू।**

4. **हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में पहली बार रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन, सांसद मनीष जायसवाल ने चिकित्सकों को दी शुभकामनाएं।**

**और**

5. **झारखंड में मौसम का बदला मिजाज, अगले 24 घंटे में तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट की संभावना।**

**समाचार विस्तार से**

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल नई दिल्ली में आदि महोत्सव का उद्घाटन करेंगी। जनजातीय कार्य राज्यमंत्री **दुर्गादास उइके** ने जानकारी दी कि ये महोत्सव जनजातीय शिल्पकारों और उद्यमियों को अपने उत्पादों और कृतियों को विभिन्न राज्यों के समक्ष प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में छह सौ से अधिक जनजातीय उद्यमी भाग लेंगे।

इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय रांची दौरे के आखिरी दिन आज बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं।

********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी की नाराजगी के बाद गिरिडीह जिले में **जल जीवन मिशन** में गड़बड़ी को लेकर प्रशासन ने जांच शुरू की। इस के तहत उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा के आदेश पर धनवार प्रखंड विकास पधाधिकारी धर्मेंद्र दास के नेतृत्व में तीन गांवों में **नल से जल** योजना की जांच की गई। श्री दास ने डैमेज पाइप से योजना पूर्ण दिखाने और जलापूर्ति नहीं होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट जल्द उपायुक्त को सौंपी जाएगी।

********************

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आज 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का समापन हुआ। इस पुलिस मीट में 18 राज्यों, 2 केंद्र शासित प्रदेशों और अर्द्धसैनिक बलों की 8 टीमों के एक हज़ार दो सौ अट्ठाईस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 13 विषयों की प्रतियोगिताओं में तेलंगाना की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। झारखंड ने कुल 5 मेडल जीते, जिनमें 1 स्वर्ण और 4 रजत शामिल हैं। समापन समारोह में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और पर्यटन कला एवं संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू मुख्य अतिथि रहे। मौके पर वित्तमंत्री ने कहा कि राज्य के साथ पूरे देश की पुलिस सुपरमैन की तरह काम करती है।

********************

राजधानी रांची के मोराबादी मैदान में एमएसएमई मंत्रालय और विकास कार्यालय की ओर से आज से तीन दिवसीय **पीएम विश्वकर्मा योजना** व्यापार मेला शुरू हुआ। 17 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में लगभग 60 कारीगरों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई है। एमएसएमई कार्यालय के संयुक्त निदेशक इंद्रजीत यादव ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य कारीगरों को व्यापारिक मंच और नेटवर्किंग का अवसर देना है।

********************

हजारीबाग जिले के गोरिया करमा में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और जागरूकता को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने किसानों को तकनीकी जानकारी अपनाकर खेती में उन्नति करने की सलाह दी। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के स्टॉल लगाए गए, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

********************

*******************

हजारीबाग जिले के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पहली बार रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन किया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने चिकित्सकों को शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयास की सराहना की।

इसके बाद सांसद मनीष जायसवाल ने जम्मू–कश्मीर में शहीद हुए हजारीबाग निवासी कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। उन्होंने राज्य सरकार से शहीद की स्मृति में चौक या प्रतिमा लगाने की मांग की, साथ ही उनकी बहन को सरकारी नौकरी देने की भी अपील की।

*******************

झारखंड से प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगाने वालों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए कोडरमा के रास्ते दो स्पेशल ट्रेनों का परिचालन सुनिश्चित किया गया है। प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ की टीम प्लेटफॉर्म पर चौबीस घंटे तैनात है। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार ने यात्रियों से संयम और सावधानी से यात्रा करने की अपील की है।

*******************

रांची में ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड के क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। किन्नर समाज ने बोर्ड में मेंबर नियुक्ति, फंड आवंटन और पेंशन योजना में अनियमितता की शिकायत की। समुदाय ने सरकार से शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

*******************

चतरा जिला प्रशासन ने राजकीय इटखोरी महोत्सव को सफल बनाने की तैयारियां जोरो शोरों शुरू कर दी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

झारखंड में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। मौसम विभाग रांची ने जानकारी दी कि उत्तर भारत में बर्फबारी और ठंडी हवाओं के असर से अगले चौबीस घंटे में तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर सकता है। सुबह और रात में ठंड बढ़ेगी, जबकि दिन में हल्की गर्मी महसूस होगी। मौसम विभाग ने 17 से 19 फरवरी तक आंशिक बादल और 20–21 फरवरी को बारिश की संभावना जताई है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में झारखंड को 25 पदक मिलने पर खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों के समर्थन के लिए प्रतिबद्ध है।

***************